# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2023—2024


# जिला पर्यावरण सुधार समिति





[illegible] बालिका विद्यालय के सामने, वार्ड : 46 झुन्झुनू [illegible]
Tel. & Fax No. :- 01592-230952 E-mail:- jzpss_c1@yahoo.co.in,
jjnjzpss@gmail.com, childline1098churu@gmail.com
Website:-www.jzpss.org

# संस्था का कार्यक्षेत्र



# सचिव की कलम से... ...

मेरे प्यारे साथियों,



संस्था झुंझुनू ज़िला पर्यावरण सुधार समिति (पूर्व नाम) वर्तमान नाम जिला पर्यावरण सुधार समिति को इस वर्ष 5 वर्ष पूर्ण कर लिये है। यह सब आप सभी का सहयोग व आशीर्वाद का फल है। संस्था का 32 वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुये अत्यन्त हर्ष हो रहा है। 15 अगस्त 1991 में मैंने इस संस्था की स्थापना कर 17 फरवरी 1992 से वैधानिक रजिस्ट्रेशन करवाकर पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया। मुझे आभास हुआ कि समाज में और भी गंभीर मुद्दे है, जिन पर संस्था को कार्य करने की आवश्यकता है। वर्तमान में संस्था समाज के गंभीर मुद्दों को लेकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है, ताकि आम जन का सर्वांगीण विकास हो सके। संस्था भारत सरकार, राज्य सरकार व स्थानीय ज़िला प्रशासन के सहयोग से समाज की भागीदारी से आम नागरीकों के जीवन में खुशी एवं समृद्धि लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

संस्था के लिए वर्ष 2023–2024 काफी चुनौतीपूर्ण रहा लेकिन चुनौतियों के साथ–साथ अनेक उपलब्धियाँ भी प्राप्त करने का अवसर मिला। राज्य एवं ज़िला स्तर पर प्रशासन के साथ मिलकर काम करना तथा आम जन के साथ गहरा जुड़ाव संस्था के लिए बड़ी उपलब्धि रही। संस्था का प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है, सरकार तथा आमजन के मध्य कड़ी का काम करते हुये **दोनो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कार्य मिल जाये।**

संस्था बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थय पोषण, आजीविका, पीने के पानी, शिक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थय, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, पर्यावरण सरंक्षण, सड़क सुरक्षा तथा अनाथ एवं बेसहारा बच्चों, स्वच्छ भारत अभियान, हस्तशिल्पियों के साथ विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर परियोजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

ज़िला पर्यावरण सुधार समिति ने अपने संविधान एवं उद्देश्य के अनुरूप विभिन्न विषयों पर कार्य किया है। देश–प्रदेश व ज़िला स्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं विभागों के सहयोग व समन्वय तथा व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तरो पर संस्था की सुदृढ़ शाख बनी है। संस्था द्वारा किये गये कार्यों के लिए समय–समय पर संस्था को ज़िला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाता रहा है, जिससे संस्था को और भी मजबूती के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एवं परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्र, राज्य तथा ज़िला स्तर जैसे झुंझुनू, चुरू, सीकर, अजमेर व श्रीगंगानगर ज़िलो के प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसका में आभार प्रकट करता हूँ साथ ही इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूँ। **मैं संस्था के समस्त सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ता के सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रदान के लिए आभारी हूँ।**

वर्ष 2023–2024 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्षों मे भी सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग तक पहुँच कर उनको **सर्वांगीण** विकास करना हमारा ध्येय है। मैं पुनः सभी सहयोगीयों का तहेदिल से संस्था को 32 वर्ष पूर्ण होने पर आभार प्रकट करता हूं। हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

**सचिव**
**राजेश अग्रवाल**

# ''राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2002–2003''
# युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
## ''राज्य स्तरीय गरिमा बालिका संरक्षण पुरस्कार 2016''

भारत–सरकार व राज्य–सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No. :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No.:- 125620017**
3. **PAN No. :- AAATJ5362J**
4. **80G No. :- J./06-07/1998/J.1**
5. **12A. :- 204/15**
6. **Nyk No. :- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
7. स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र–प.4(12)स्वै.वि.के/आयो/13 /स.क.–195
8. महिला एवं बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः– **16**(1)(38)निमअ/09/सेप्र.–11
9. चिकित्सा व स्वास्थय परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त खाद्य सुरक्षा प्रमाण पत्र– 12217031000006 दिनांक 04.01.2017
10. **E.S.I. Act 1948 and Registration Employees Date 05-08-2016**
11. **Employees' Provident Fund Act, 1952 Date 07-09-2019**
12. **Sanstha Aadhar Number: - 8004760037000009**
13. **State Bank of India :- 30616687773 IFSC CODE: - SBIN0006098**
14. **HDFC Bank :- 13121450000217 IFSC CODE: - HDFC0001312**
15. **ICICI Bank :- 671501700531 IFSC CODE: - ICIC00006715**
16. **PNB Bank :- 06682010026720 IFSC CODE: - PUNB0066810**
17. **Radio Community center: - 91.2 Frequency "WOL LIC.No. NWW34320220600710"**
18. **Niti Aayog ID :-**RJ/2009/0019506
19. **Voluntary Sector Development Center: - VSDC/2023/JAIPUR/74**

| क्र.सं. | नाम | योग्यता | पद | परियोजना का नाम | स्थान | फोन .नं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कपिल अग्रवाल | बी.कोम | लेखाकार | ZPSS | झुंझुनू | 7339850404 |
| 2. | पन्ने सिंह | एम.ए. | जिला समन्वयक | चाईल्ड हैल्प लाईन | चुरू | 01562—250700 |
| 3. | जयकरण | 12 वी | टीम मेम्बर | | | |
| 4. | श्री किशन वर्मा | 12 वी | टीम मेम्बर | | | |
| 5. | जयंत कुमार पाण्डे | बी.ए. | टीम मेम्बर | | | |
| 6. | श्रीमती वर्षा कवंर | एम.ए. | टीम मेम्बर | | | |
| 7. | श्री भंवर लाल मेघवाल | बी.कोम | टीम मेम्बर | | | |
| 8. | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 9. | रामवतार पारिक | एम.ए.समाजशास्त्र | कोडिनेटर सीकर | राष्ट्रीय शहरी आजिवीका | सीकर | 9461544152 |
| 10. | राजकुमार कुमावत | एम.ए.समाजशास्त्र | ब्लोक कोडिनेटर | राष्ट्रीय शहरी आजिवीका | श्रीमाधोपुर | 9799282898 |
| 11. | कविता | एम.ए. बी.एड | केन्द्राधिक्षक | शक्ति सदन | झुंझुनू | 01592—230952, 294134 |
| 12. | कुमारी स्याना | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 13. | श्रीमती बिरमता | एम.ए. समाजशास्त्र | गार्ड | | | |
| 14. | कुमारी रेखा चौधरी | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 15. | सरिता देवी | 12 वीं | हैल्पर | | | |
| 16. | आरती | 12 वी | हैल्पर | | | |
| 17. | श्री संदीप कुमार | बी.ए+PGDCA | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 18. | राजबाला | 8 वी | कुक | | | |
| 19. | अनिषा कुमारी | बी.ए. | कुक | | | |
| 20. | श्री रामकरण | 8 वी | वाहन चालक | संस्था कार्यालय | झुंझुनूं | 9928771645 |
| 21. | श्रीमती मोहनी देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर | 01545—2660355 8890725263 |
| 22. | श्रीमती नीलू सैन | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 23. | कविता वैश्नव | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | किशनगंज | 8233341671 9664253323 |
| 24. | खुशबु देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 25. | श्रीमती भाग्य लक्ष्मी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | सीकर | 6376420035 01572—270952 |
| 26. | श्रीमती निर्मला देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 27. | तारामणी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | लक्ष्मणगढ़ | 9352349985 7728906877 |
| 28. | मुन्जु स्वामी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | | | |
| 29. | सितो देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | श्रीगंगानगर | 9166382078 6375257944 |
| 30. | रिना देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 31. | सरोज मुण्ड | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | झुंझुनूं | |
| 32. | पुजा स्वामी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 33. | ईमरान खान | एम.ए. | रेडियो जॉकी | कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन 91.2 | झुंझुनूं | 9462270256 |
| 34. | सुश्री साक्षी | 12 वी | सहायक | | | |
| 35. | श्रीमती पुनम | 12 वी | सहायक | | | |
| 36. | बबीता देवी | बी.ए. | परामर्शदाता | वन स्टॉप सखी सेन्टर | झुंझुनूं | 9414130670 |
| 37. | सरोज योगी | बी.ए. | परामर्शदाता | | | |
| 38. | अंकीता देवी | 12वा | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 39. | शारदा देवी | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 40. | जिनेश देवी | आर.एस.आईटी | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 41. | प्रविणा मीणा | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 42. | मुन्नी देवी | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 43. | राहुल चौरसिया | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 44. | दिनेश कुमार | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 45. | दीप सिंह | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 46. | पृथ्वी सिंह | 10 वीं | गार्ड | | | |

# संस्था द्वारा संचालित परियोजना एवं कार्यक्रमों का विवरण

## प्लास्टिक मुक्त झुंझुनूं अभियान की शुरूआत

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ज़िला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित FM 91.2 झुंझुनू की आवाज़ ने इस बार एक अनोखी पहल के साथ शहर को प्लास्टिक फ्री अभियान की शरूआत के साथ बस डिपो के सामने पुलिस की यातायात हट के अंदर गेम स्टूडियों लगाकर यातायात पुलिस के सहयोग से प्रसारण किया और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सानिध्य में प्लास्टिक को ना कहने के लिए आम आदमी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने रेडियो को आम जनता के बीच में प्लास्टिक का विरोध करने के लिए सेल्फी लेने के लिए प्रेरित किया। प्लास्टिक की थैलियों को ना कहने के लिए प्रेरित किया। प्लास्टिक की बुराईयों को रेडियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रेडियो जॉकी आर.जे. इमरान द्वारा लोगों से पर्यावरण दिवस व ट्रैफिक नियमों से जुड़े कई सवाल पूछे गए और विजेताओं को डॉ. एस.डी. चोपदार फाउंडेशन झुंझुनू के सौजन्य से पुरस्कृत किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम बस डिपो के सामने संचालित रहा। इसमें सैंकड़ों युवक–युवतियों, बुजुर्गों व कलाकारों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किया। यातायात इंचार्ज अमर सिंह व तेजपाल सिंह ने ट्रैफिक के नियमों कि जानकारी दी। इस अवसर पर ज़िला पर्यावरण समिति के निदेशक राजेश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।




दुपहिया वाहनो चालको को प्लास्टिक रोकथाम करने वाले को सम्मानित करते हुये शहर झुंझुनूं

## सड़क सुरक्षा अभियान

जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जिला परिवहन विभाग झुंझुनूं के सयुंक्त तत्वाधान से सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धाजंली देने एवं इनकी याद में विश्व रिमेंम्बर डे मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि किसी परिवार के मुखिया या युवा के जाने से क्या प्रभाव पड़ता है। यह हम सब जानते है। सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मौतें युवाओं की होती है। उन्हौने युवाओं से स्वयं सड़क एवं यातायात नियमों का पालन करने एवं दूसरों को इस सम्बन्ध में जागरूक करने हेतू संबोधित किया तथा संस्थान के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में पीड़ित परिवारों को मिलने वाले मुआवजा या अन्य सरकारी सहायता हेतू जिला कलेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस प्रशासन तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से संगवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें परिवारों की समस्या का अतिशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

## लुप्त होते वाद्य यंत्रों और लोक नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन

राजस्थान पी0जी0 कॉलेज बिसाऊ में लुप्त होते पुराने वाद्यय यंत्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी दिनांक 21.08.2023 व 22.08.2023 को रखी गई। जिसका समय सुबह 10 बजे से साय 5 बजे तक रखा गया। जिसका उद्घाटन बिसाऊ नगर पालिका अध्यक्ष मुश्ताक खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 प्रताप सिंह सिहाग द्वारा कि गई। विशिष्ट अतिथि करणीराम बिजारणिया की। जिसमें महनसर, बिसाऊ, चुरू, सरदारशहर, रामगढ़ आदि के लोक कलाकारों द्वारा अपने–अपने साज–बाज जैसे बासुंरी, बीन, चंग, मजीरा, खड़ताल, डेरू, खंगरी, शहनाई, इकतारा, हारमोनियम, ढोलक आदि वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी की गई। राजस्थान पी0जी0 कॉलेज बिसाऊ में सामाजिक कुरूतियो के खिलाफ आम जन में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न स्कलों व कॉलेजों के मध्य नाट्य प्रतियोगिता करवाई गई। नाट्य प्रतियोगिता में लगभग 130 से अधिक विद्यार्थियों ने अलग–अलग विषयों पर नाट्य कला का प्रदर्शन किया। जिसमें राजस्थान बीएड कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोसिन एण्ड ग्रुप ने दुसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ0 करणीराम बिजारणियां व प्रतियोगिता के जज के रूप में जाकिर अब्बासी दिलबर, शायर सरबत खांन, आनन्द भटट् व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विजेताओं को प्रथम पुरस्कार नगद स्वरूप 2100रू व दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले को 1100रू का ईनाम देकर सम्मानित किया।







## सांस्कृतिक लोक नृत्य कार्यक्रम

दिनांक 01.09.2023 को भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के सोजन्य से संस्था द्वारा जिले की सेठ मोतीलाल कॉलेज राणी सती रोड़ में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे जिसमें झुंझुनूं जिले की 16 स्कूलों ने भाग लिया। स्कूली छात्र–छात्राओं में कालबेलिया, चरी नृत्य, घुमर, कच्ची घोड़ी आदि लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में आदर्श बाल निकेतन स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर टैगोर चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रही। राणी सती गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेन्द्र सिंह चौधरी थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी श्रीमती मधु यादव उपस्थित होकर सभी विजेताओं परस्कार भेट किया।

## गोरबन्द सांस्कृतिक प्रस्तुति

श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय कॉलेज में राजस्थान दिवस पर शनिवार को जिला पर्यावरण सुधार समिति एवं आइक्यूएसी की ओर से सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता गोरबन्द का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह न्यौल ने की। मुख्य अतिथि झुंझुनूं के ए.एस.पी. इस्माइल खॉन थे। विशिष्ट अतिथि पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी समिति निदेशक राजेश अग्रवाल, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक संजय चौधरी, राजकीय कॉलेज मलसीसर के प्राचार्य प्रो. मनोज कुल्हार थे। प्रतियोगिता में अनिता गौड़, उषा पुरोहित, रीना कपूर एवं जाकिर अब्बासी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रों. मंजू चौधरी ने बताया की एकल नृत्य में रीतिका प्रथम, हेमलता व नम्रता द्वितीय, अमनदीप तीसरे स्थान पर रहे। समूह नृत्य में पायल एंड ग्रुप प्रथम, कोमल एंड ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। सभी प्रतियोगिओं का सम्मान किया गया।




## किसानो का अन्तर्राज्यीय एक्सपोजर भ्रमण (प्रथम भ्रमण)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से कृषि की उन्नत तकनीक को अपनाने एंव सीखने हेतू चुरू जिले के चुरू शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 25 महिला व पुरूष किसानों का दल चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हरियाणा हिसार, नाबार्ड जयपुर के वित्तिय सहयोग से रवाना हुआ। भ्रमण दल को चुरू जिले के नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री राजेश मीना व पूर्व किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री रामेश्वर प्रजापति व संस्था सचिव श्री राजेश अग्रवाल के नेतृत्व मे हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। डॉ. निर्मल द्वारा एकीकृत कृषि प्रणाली ईकाई का भ्रमण करवाया गया जिसमें अलग–अलग प्रजाति के बेर और मौसम विभाग डेयरी फार्म, गोबर गैस का उपयोग किस तरह किया जाता है। उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

वहाँ पर डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि अच्छी क्वालिटी के बीजों को उगाकर अच्छी नस्ल की पौध तैयार की जाती है और अच्छी खोज की कामयाबी सम्भव है जब प्रत्येक किसान तक पहुँच सके। खेतों में उगने वाले बीजों के बारे में जानकारी दी व मशरूम की खेती के बारे में जानकारी दी किसानों के लिए बहुत उपयोगी है व सांगरी का महत्व बताया पर्यावरण को बचाने के बारे में बताया तथा उन्होने बताया कि अंजीर की खेती से जेमजेली जैसी तैयार हो जाती हो सकती है।




किसानो के भ्रमण दल का मुख्य अतिथियों द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये

## किसानो का अन्तर्राज्यीय एक्सपोजर भ्रमण (द्वितीय भ्रमण)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से कृषि की उन्नत तकनीक को अपनाने एंव सीखने हेतू सीकर जिले के शहर व ग्रामीण क्षैत्र के 25 महिला व पुरूष किसानों का दल चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हरियाणा हिसार, नाबार्ड जयपुर के वित्तिय सहयोग से रवाना हुआ। भ्रमण दल को सीकर जिले के नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री एम.एल. मीना व संस्था सचिव श्री राजेश अग्रवाल के नेतृत्व हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। डॉ. निर्मल द्वारा एकीकृत कृषि प्रणाली ईकाई का भ्रमण करवाया गया जिसमें अलग–अलग प्रजाति के बेर और मौसम विभाग डेयरी फार्म, गोबर गैस का उपयोग किस तरह किया जाता है। उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

वहाँ पर डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि अच्छी क्वालिटी के बीजों को उगाकर अच्छी नस्ल की पौध तैयार की जाती है और अच्छी खोज की कामयाबी सम्भव है जब प्रत्येक किसान तक पहुँच सके। खेतों में उगने वाले बीजों के बारे में जानकारी दी व मशरूम की खेती के बारे में जानकारी दी किसानों के लिए बहुत उपयोगी है व सांगरी का महत्व बताया पर्यावरण को बचाने के बारे में बताया तथा उन्होने बताया कि अंजीर की खेती से जेमजेली जैसी तैयार हो जाती हो सकती है।




## किसानो का अन्तर्राज्यीय एक्सपोजर भ्रमण (तृतीय भ्रमण)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से कृषि की उन्नत तकनीक को अपनाने एंव सीखने हेतू झुंझुनूं जिले के शहर व ग्रामीण क्षैत्र के 25 महिला व पुरूष किसानों का दल चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हरियाणा हिसार, नाबार्ड जयपुर के वित्तिय सहयोग से रवाना हुआ। भ्रमण दल को झुंझुनूं जिले के नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री राजेश मीना व संस्था सचिव श्री राजेश अग्रवाल के नेतृत्व हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। डॉ. निर्मल द्वारा एकीकृत कृषि प्रणाली ईकाई का भ्रमण करवाया गया जिसमें अलग–अलग प्रजाति के बेर और मौसम विभाग डेयरी फार्म, गोबर गैस का उपयोग किस तरह किया जाता है। उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

वहाँ पर डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि अच्छी क्वालिटी के बीजों को उगाकर अच्छी नस्ल की पौध तैयार की जाती है और अच्छी खोज की कामयाबी सम्भव है जब प्रत्येक किसान तक पहुँच सके। खेतों में उगने वाले बीजों के बारे में जानकारी दी व मशरूम की खेती के बारे में जानकारी दी किसानों के लिए बहुत उपयोगी है व सांगरी का महत्व बताया पर्यावरण को बचाने के बारे में बताया तथा उन्होने बताया कि अंजीर की खेती से जेमजेली जैसी तैयार हो जाती हो सकती है।






## लघू उद्यमिता विकास कार्यक्रम (MEDP)

### बुटिया गाँव में गत्ते के डिब्बों का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से चुरू जिले के बुटिया गांव में गत्ते के डिब्बों का निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 15.12.2023 से 02.01.2024 तक में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राजेश मीना, नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम अधिकारी श्री मंगल जाखड़, बडौदा स्वरोजगार केन्द्र के कार्यक्रम अधिकारी अमनदीप, एडवोकेट रामेश्वर लाल प्रजापत के द्वारा किया गया। गत्ते के डब्बे का निर्माण प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर किशन वर्मा व सहायक श्रीमती सावित्री देवी द्वारा प्रदान किया गया। सभी महिलाओं ने समापन समारोह में दृढ़ निश्चय किया कि इस काम को जल्दी ही बहुत बड़ा रूप दिया जाएगा। जिससे सभी बहिने चार से पांच हजार रू. महिने मे कमायेगी। सभी महिलाओं को संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।





(त्ते के डिब्बों का निर्माण प्रशिक्षण, लेती हुई महिलायें)

## डाबला गांव में बुन्धी बन्धेज व रंगाई का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से चुरू जिले के डाबला गांव में बुन्धी बन्धेज का निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 15.12.2023 से 02.01.2024 तक में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राजेश मीना, नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम अधिकारी श्री मंगल जाखड़, बडौदा स्वरोजगार केन्द्र के कार्यक्रम अधिकारी अमनदीप, एडवोकेट रामेश्वर लाल प्रजापत के द्वारा किया गया। में बुन्धी बन्धेज का निर्माण प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर जावेद खांन व सहायक श्रीमती सुमित्रा देवी द्वारा प्रदान किया गया। सभी महिलाओं ने समापन समारोह में दृढ़ निश्चय किया कि इस काम को जल्दी ही बहुत बड़ा रूप दिया जाएगा। जिससे सभी बहिने चार से पांच हजार रू. महिने मे कमायेगी। सभी महिलाओं को संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।





## मुडरू गाँव में सिलाई प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से सीकर जिले के मुडरू गांव में सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 22.12.2023 से 05.01.2024 तक में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एम.एल. मीना, बी.आ.के.बी.जी. बैक शाखा प्रबन्धक भगवानाराम जाट, समाज सेवी माँगीलाल सैनी, महावीर प्रसाद शर्मा और रोहित पारीक, शामिल हुये। सिलाई निर्माण प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर माँगीलाल सैनी व सहायक श्रीमती रजनी देवी द्वारा प्रदान किया गया। सभी महिलाओं ने समापन समारोह में दृढ़ निश्चय किया कि इस काम को जल्दी ही बहुत बड़ा रूप दिया जाएगा। जिससे सभी बहिने चार से पांच हजार रू. महिने मे कमायेगी। सभी महिलाओं को संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।





## पिपराली रोड़ और दराबो का मोहल्ला (सीकर) में बुन्धी बन्धेज प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से सीकर जिले के पिपराली रोड़ और दराबो का मोहल्ला में बुन्धी बन्धेज प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 08.01.2024 से 24.01.2024 तक में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एम.एल. मीना, बैंक प्रबन्धक एच.डी.एफ.सी. प्रकाश जी सीकर, आर.एम. दलराज सिंह धनखड़ सीकर रजाक मौ0 पार्षद वार्ड न0 37, निसार खांन, मोती खांन समाज सेवी आदि शामिल हुये। सिलाई निर्माण प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मो0 रिजवान रंगरेज द्वारा प्रदान किया गया। सभी महिलाओं ने समापन समारोह में दृढ़ निश्चय किया कि इस काम को जल्दी ही बहुत बड़ा रूप दिया जाएगा। जिससे सभी बहिने चार से पांच हजार रू. महिने मे कमायेगी। सभी महिलाओं को संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।




## 4DWM रावतसर (हनुमानगढ़) में सिलाई प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से हनुमानगढ़ जिले के रावतसर तहसील 4DWM गाँव में सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 25.01.2024 से 12.02.2024 तक में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक दयानन्द काकोड़िया, पंजाब नेशनल बैंक लिड के बैंक अधिकारी हनुमानगढ़ राजकुमार ग्राम संरपच सार्दूलसिंह बिंजारणीया वार्ड पंच लालचन्द आदि शामिल हुये। सिलाई निर्माण प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर सीता सहायक मोनिका द्वारा प्रदान किया गया। सभी महिलाओं ने समापन समारोह में दृढ़ निश्चय किया कि इस काम को जल्दी ही बहुत बड़ा रूप दिया जाएगा। जिससे  सभी बहिने चार से पांच हजार रू. महिने मे कमायेगी। सभी महिलाओं को संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।




## झटावा (झुंझुनूं) में साबुन व अगरबत्ती प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से झुंझुनूं जिले के झटावा गाँव में साबुन व अगरबत्ती प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 26.02.2024 से 13.03.2024 तक में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राजेश मीणा, झटावा ग्राम विकास अधिकारी सुश्री किरण, शामिल हुये। सिलाई निर्माण प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर किशन वर्मा एवं सहायक ब्रिजू देवी द्वारा प्रदान किया गया। सभी महिलाओं ने समापन समारोह में दृढ़ निश्चय किया कि इस काम को जल्दी ही बहुत बड़ा रूप दिया जाएगा। जिससे सभी बहिने चार से पांच हजार रू. महिने मे कमायेगी। सभी महिलाओं को संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रशिक्षणार्थीयों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया ।




## किठाना (झुंझुनू) में सिलाई प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से झुझुनू जिले के किठाना में सिलाई प्रशिक्षण निर्माण से सम्बन्धित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 29.02.2024 से 13.03.2024 तक स्वंय सहायता समुहों की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसका शुभारम्भ बैंक ऑफ बड़ौदा संचालित आईसीटी के डायेरेक्टर मनोज शर्मा, किठाना राजकीय सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सुमन थाकन, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सुभिता धनकड़ व नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राजेश मीना द्वारा किया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा रेडिमेन्ट गारमेन्ट सिलाई उच्च स्तर के प्रशिक्षण के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।




**सिलाई प्रशिक्षण निर्माण, मे भाग लेती हुई महिलायें**

## आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा अनुदानित आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत चुरू जिला मुख्यालय की स्वंय सहायता समूहो की 90 महिलाओं में 30–30 महिलाओं के तीन बैच बनाकर डेयरी प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन के अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री राजेश मीना ने कहा कि महिलाऐं स्वरोजगार से जुड़कर अपना आर्थिक विकास कर सकती है। महिलाओं को प्रशिक्षण दिलवाकर उनको विभिन्न बैंको से ऋण उपलब्ध करवाकर रोजगार के साधन उपलब्ध करवाकर उनके उधोग–धन्धे स्थापित किये जायेगें।

प्रथम बैच दिनांक दिनांक 14 दिसम्बर 2023 से 26 दिसम्बर 2023, द्वितीय बैच 27 दिसम्बर 2023 से 06 जनवरी 2024 तक व तृतीय बैच 07 जनवरी 2024 से 16 जनवरी 2024 तक तीनो बैचो का सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। जिसमे 120 महिलाओं में से 60–60 महिलाओं के दो बैच बनाकर 13 फरवरी 2024 को पलसाना सरस डेयरी व 13 फरवरी 2024 को खाटुश्यामजी का भ्रमण करवाकर वहां के उद्यमियों से रूबरू करवाया गया।




## राष्ट्रीय महिला दिवस

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से संस्था द्वारा संचालित MEDP किठाना में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के साथ कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़–चढ़ के हिस्सा लिया और सभी महिलाओं ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रसतुतियां दी। इस दौरान कुछ महिलाओं को जिला पर्यावरण सुधार समिति के द्वारा सम्मानित किया गया, सभी महिलाओं में जागरूकता देखी गई और कुछ महिलाओं ने अपने स्टोरी बताई और अपने जीवन में जो कठिनाई आई उन कठिनाईयों को पार करके आज वह अपने पैरों पर खड़ी हुई और आत्मनिर्भर बनी।





जिला विकास प्रबधंक श्री राजेश मीना महिलाओं को नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हूये

## नवजीवन योजना

सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग झुंझुंनू व श्रीगंगानगर द्वारा श्रीगंगानगर की तहसील अनुपगढ़ में राजस्थान प्रदेश में मुख्य मंत्री श्री अशोक गहलोत जी द्वारा चलाई गई नवजीवन योजना के तहत कंजर, सांसी, नट, भांड, ढोल, डोमिया, बावरिया, डोम, राणा मोगिया, बेडिया, भगेरिया, सिरकीवा, नायक व चौपदार चयनित जातियों के महिलाओं और पुरूषों को अपने पुश्तेनी धन्धे में बाहर निकालने हेतु 03 माह के कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण दिया गया है। विभिन्न जातियों के सम्पूर्ण विकास हेतू झुंझुंनू नगर परिषद, बुहाना, सिघांना पंचायत में उपरोक्त जातियों का चिन्हिकरण हेतू संस्था को अधिकृत किया गया। जिसके तहत संस्था द्वारा 350 से 400 परिवारों का चिन्हिकरण किया गया है।

## इन्दिरा रसोई योजना

श्री अशोक गहलोत, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा "कोई भी भूखा न सोये" के संकल्प के इन्दिरा रसोई योजना का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत संस्थान द्वारा चूरू जिला मुख्यालय पर 03 इंदिरा रसोई का संचालन किया जा रहा है। जिसमें लाभार्थी को 8 रूपये में एक स्थान पर बैठाकर शुद्ध, ताजा एवं पौष्टिक भोजन सम्मानपूर्वक कराया जाता है।

इन्दिरा रसोई एक प्रसिद्ध भोजनालय है जो भोजन की अच्छी मात्रा और कीमत के लिए जाना जाना जाता है इस स्थल पर प्रतिदिन हजारों लोगों को सस्ता एवं स्वादिष्ट उपलब्ध होता है। यह स्थल गरीबों और आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करता है। जिससे उन्हे पौष्टिक

और स्वस्थ भोजन का अधिकार मिलता है। इन्दिरा रसोई का उद्देश्य सामाजिक समृद्धि और भोजन सुरक्षा को बढ़ावा देना है इसके आलावा विभिन्न समाज सेवी, उद्योगपति, नेतागण के द्वारा जन्मदिन, शादि समारोह, पुत्र/पुत्री जन्म, किसी विशेष दिन या किसी विशेष उत्सव पर इन्दिरा रसोई पर निःशुल्क विशेष खाना खिलाया जाता है। इंदिरा रसोई में सभी आगंतुकों को संस्था द्वारा सम्मान पूर्वक बैठाकर खाना खिलाया जाता है, जिसमे साफ–सफाई, शुद्धता एवं पोषक भोजन का विशेष ख्याल जाता है।




इन्दिरा रसोई में भोजन करते आम जन

## संयुक्त देयता समूह (JLG)

संयुक्त देयता समूह (JLG) नाबार्ड द्वारा लघु/सीमांत किसानों/किरायेदारों/मौखिक पट्टेदारों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा गैर–कृषि क्षेत्र में किसानों और सूक्ष्म उद्यमों को आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए नाबार्ड द्वारा प्रचारित एक योजना है, संस्थान द्वारा सीकर ज़िले में नाबार्ड के सहयोग से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत संस्थान को 200 संयुक्त देयता समूह के गठन का लक्ष्य दिया गया, जिसमे कुल 200 संयुक्त देयता समूह का गठन कर 200 समूहों को ऋण दिलवाकर नाबार्ड द्वारा दिये गये लक्ष्य को तय सीमा में पूर्व कर दिया गया। जिसके लिए संस्था को सचिव को नाबार्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

## शक्ति सदन

महिला एंव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग अभिशंषा से संस्था को पीड़ित व बिना आश्रित महिलाओं के लिए स्वाधार गृह योजना की स्वीकृति प्रदान हुई। जिसका नाम परिवर्तन कर ''शक्ति सदन'' कर दिया गया है। इस योजना का संस्था द्वारा **दिनांक 18 मार्च 2020 को संचालन किया गया। जिसमें इस वित्तीय वर्ष में कुल 8 महिलायें व 6 बच्चो को आश्रय देकर 4 महिलायें व 2 बच्चों को पुनर्वास किया गया है।** इसके अलावा महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है जहाँ वे अपने हुनर और कला को विकसित कर सकती है ये उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करता है और उनकी आर्थिक

## योजना का उद्देश्य

- शक्ति सदन के तहत बेबस और बेसहारा महिलाओं को रहने के लिए आश्रय, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना।
- महिलाओं को भावनात्मक रूप से सुदृढ़ एवं मजबूत बनाना।
- इन महिलाओं को आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना तथा इन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना।



( शक्ति सदन कीं जानकारी देते जिला प्रमुख हर्षिनी अतुल कुमार और आवासनी और बच्चे खाना खाते हुये)

## चाइल्ड लाइन 1098

संस्था द्वारा चाईल्ड लाईन 1098 भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के चुरू जिले में संचालित की जा रही है।

चाइल्ड हैल्प लाइन भारत की पहली 24 घंटे चलने वाली जरूरतमंद बच्चों के लिए ,निःशुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सहायता है, जिसकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए 1098 , टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं। हम केवल बच्चों की आपातकालीन जरूरतों के लिए जवाब देय नहीं है, बल्कि उनके लंबे समय तक देखभाल और पुनर्वास के लिए भी कार्य करते है। चाइल्ड हेल्प लाईन यह बच्चों, किशोर व किशोरियों को समझाना और सुनना उनकी मद्द करना का एक महत्वपूर्ण स्थान है यह फोन, चैट और ईमेल के जरिये बच्चों को काउसलिग मार्गदर्शन और स्पोर्ट प्रदान करते है, चाहे वो बचपन की परेशानियाँ हो या फिर कोई बड़ी समस्या. ये संकलन छात्रों को मुसिबत से निकालने, उनके सुरक्षा और समृद्धि कि दिशा में उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करता है. यह एक जरूरी स्थल है जहाँ बच्चें अपनी बात रख सकते है, बिना किसी डर या शर्म के, और उन्हें सहायता प्रदान होती है।

इस वित्तिय वर्ष कुल 382 परिवाद आये जिनमें भिक्षावृति 17, बाल विवाह 40,बाल मजदूर के 20, गुमशुदा 42, शिक्षा सम्बन्धित 17,दुर्व्यवहार 18, चिकित्सा संबधी 09, आश्रय गृह 02 व 217 अन्य परिवाद आयें है।

चाइल्डलाइन निम्न के बच्चों की मदद के लिए कार्य करती है –

– स्ट्रीट बच्चों और सड़कों पर अकेले रहने वाले बच्चे

– बाल मजदूर असंगठित और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बच्चे
– घरेलू नौकर
– परिवार, स्कूलों या संस्थानों में शारीरिक / यौन / भावनात्मक दुरुपयोग से प्रभावित बच्चे ।
– बच्चे, जिन्हे भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन की जरूरत है
– व्यावसायिक यौन कर्मियों के बच्चे
– अवैध एवं देह व्यापार के शिकार बच्चे
– माता पिता या अभिभावक द्वारा परित्यक्त बच्चे
– गुम बच्चे
– बच्चे, जो मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार हैं
– विकलांग बच्चे
– कानून के साथ संघर्षरत बच्चे
– संस्थानों में काम करने वाले बच्चे
– मानसिक रूप से विकलांग बच्चे
– एचआईवी ंएड्स संक्रमित बच्चे
– संघर्ष और आपदा से प्रभावित बच्चे
– शरणार्थी बच्चे
– बच्चे, जिनके परिवार संकट में हैं।



ऑपन हाऊस के माध्यम से चाईल्ड हैल्पलाईन के बारे में जानकारी देते संस्था सचिव व अतिथिगण, स्वंतन्त्रता दिवस मनाते बच्चे

## महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र

महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र महिला पुलिस थाना झुन्झुनू, सीकर, लक्ष्मणगढ़, श्रीगंगानगर, मदनगंज व अजमेर जिले में संचालित किया जा रहा है। महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र एक अहम प्रयास है जो महिलाओं को उनके अधिकारों का ज्ञान देती है और उन्हें समाज में सुरक्षित रहने में मद्द करती है. केन्द्र का उद्देश्य महिलाओं को शोषण, अन्याय, घरेलू हिंसा और अपराध बचाव में सहायता करना है। ऐसे अनेक अपराधों से बचाना तथा समझाईश व परामर्श के माध्यम से न्याय दिलवाना है।



# प्रकरणों का विवरण

## 01 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024 तक

| प्रकरण | झुंझुनूं | सीकर | लक्ष्मणगढ़ | अजमेर | मदनगंज | श्रीगंगानगर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घरेलु हिंसा | 108 | 80 | 30 | 242 | 26 | 60 |
| दहेज | 19 | 180 | 9 | 190 | 17 | 27 |
| भरण पोषण | 24 | 35 | 0 | 20 | 7 | 0 |
| बच्चा दिलाने | 0 | 3 | 1 | 9 | 1 | 0 |
| आश्रय | 03 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| सम्पति विवाद | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| कुल प्रकरण | 154 | 299 | 40 | 461 | 51 | 89 |






महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र में पीड़ित महिलाओं की समझाईश करती परामर्शदाता सीकर व श्रीगंगानगर केन्द्र जागरूकता कार्यशाला में महिलाओं को केन्द्र के बारे में जानकारी देती हुई परामर्शदाता

National Urban Livelihoods Mission

## दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)

संस्था द्वारा सीकर जिले में विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषद में भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा संचालित दीन दयाल अन्तोदय राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के अन्तर्गत शहरी गरीब, कचरा बीनने वाले, हस्तशिल्पि, रिक्शा चालक, फुटपाथ विक्रेताओं को स्वंय सहायता समूहों से जोड़कर बचत करना, बैंक से लेन–देन करना, रोजगार के लिए ऋण, बीमा आदि कार्य सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से विभिन्न गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाया गया व महिलाओ को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

| दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन (DAY-NULM) के सौजन्य से गठित समूह | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नगर निकाय का नाम | समूह गठन | लाभान्वित सदस्या | रिवॉल्विग फण्ड वितरित | बैंक ऋण | ए.एल.एफ गठन व पंजीयन | ए.एल.एफ रिवॉल्विंग फण्ड |
| नगर परिषद सीकर | 25 | 250 | 25 | 07 | 04 | — |
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर | — | — | — | 01 | 01 | — |
| नगर पालिका नीमकथाना | 15 | 150 | 15 | 11 | - | |





ग्रामीण महिलाओं को स्वंय सहायता समूह व राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन योजना के बारे में बताते संस्था के कार्यकर्ता

संस्था द्वारा संचालित विभिन्न स्वंय सहायता समूहों में कुछ समूह स्वंय की बचत करने में अव्वल रहे है उक्त समूह अपनी बचत का अपने सदस्यों में ऋण देकर कम ब्याज पर अपनी आपसी जरूरतो को समय पर पूरा कर रहे है। अपना स्व रोजगार बढ़ाने के लिए तुरन्त ऋण राशि प्राप्त कर रहे जिससे समूह की महिलाओं के जीवन स्तर में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। समूह की महिलाऐं बच्चो की शिक्षा, स्वास्थय आदि पर समूह से उधार लेकर रूपये खर्च कर रही है। एंव अपने रोजगार को बढ़ा रही है। स्वंय सहायता समूह से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग प्राप्त हुआ है।

**सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजनाः**-सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से राज्य में वंचित वर्ग यथा बच्चों, दिव्यांग, भिखारी, बेघर, ट्रासजेंडर,नशें में संलिप्त व्यक्तियों एंव वृद्वजनों के कल्याण तथा अन्य सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था को राज्य सरकार द्वारा एसजीएसटी में छुट प्रदान की गई। जिसमें संस्था को व्हीकल, भूमि व योजना में खरीदी जाने वाली वस्तुओं में एसजीएसटी रिफण्ड करने का प्रावधान है।

## कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन FM 91.2

भारत सरकार के सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली से अधिकृत संस्था द्वारा जिला मुख्यालय पर कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन की स्थापना की गई। जिसका विधिवत संचालन दिनांक 10 अक्टुबर 2022 को कर **''आपणो रेडियो झुंझुनूं की आवाज''** नाम रखा गया। जिसको लगभग 20 किलोमीटर तक सुना जा सकता है।

<table>
<tr><th>Morning 6:00 AM</th><th>To Night 10:00 PM</th></tr>
<tr><td>सुप्रभात</td><td rowspan="9">इन सब कार्यक्रमों के माध्यम आम जन से जुड़ी समस्या, देश के वीर सपुत सैनिकों से बातचीत, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान करना, समाज के ज्वलनशील मुद्दों पर बातचीत कर समाज से जाग्रति लाना, छात्र–छात्राओं को तकनीकि शिक्षा से सम्बन्धित संदेश प्रदान करना। साथ ही मनोरंजन करवाना।</td></tr>
<tr><td>सुपरहीट शो सिटी लाईव</td></tr>
<tr><td>शोर्यगाथा</td></tr>
<tr><td>एक मुलाकात</td></tr>
<tr><td>यंगिस्तान</td></tr>
<tr><td>सिटी आईकोन</td></tr>
<tr><td>महिला सखी</td></tr>
<tr><td>आपणी बोली–आपणो लोग</td></tr>
<tr><td>यादों का कारंवा</td></tr>
</table>

## बिसाऊ मैराथन का आयोजन

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए ''फिट है इण्डिया'' के नाम से लक्ष्मीपथ सिघानिया एकेडमी स्कूल बिसाऊ में मैराथन का आयोजन किया गया जिसमे संस्था को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। मैराथन में 25 किलामीटर की दौड़ करवायी गई जिसमें बच्चों से लेकर युवा तक ने सभी ने भाग लिया जिसमें विजेताओं का संस्था के द्वारा सम्मान किया गया।






## राष्ट्रीय धरोहर को बचाने का लिया संकल्प

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विलुप्त हो रही धरोहर के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए जिले में स्थित प्रसिद्ध मेड़तनी बावड़ी में जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक ईस्माइल खांन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज हम युवाओं के साथ पर्यटन से जुड़ी मेड़तानी बावड़ी में उपरोक्त दिवस इसलिए मना रहे है कि जल संरक्षण की पुरानी पद्धतियों से आज के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत बन सके। कार्यक्रम में संरक्षित राष्ट्रीय धरोहर पर सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सचिन केड गुरू के छात्र प्रथम व कुमारी रेखा द्वितीय रही। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरजे इमरान खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद आलम शेर खांन, गुन्जन झाझड़िया, कपिल गाड़िया, अभिषेक मुरारका, श्रीमती भंवरी देवी, श्रीमती श्यान देवी सहित अन्य शहर गणमान्य लोग व छात्र–छात्राए मोजूद रहे।






जिसमें अब तक, राजनीतिक, प्रशासनिक अधिकारी, बैंक कर्मी, समाजसेवी, शिक्षाविद्व, कला संस्कृति, चिकित्सा, खेल, कृषि आदि क्षैत्र से जुड़े हुये गणमान्य जन आये जिनमें राजस्थान सरकार के राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन महबुब दिवान चौपदार, कमलकातं शर्मा, पवन पुजारी, श्रीमती तेजस्वनी शर्मा, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग के अशफाक खान, सूचना एंव जनसर्म्पक अधिकारी हिमांशू सिंह, बैंक ऑफ बडौदा के लीड़ बैंक अधिकारी रतनलाल, मधुसुदन मलानी, के.के. गुप्ता, डॉ. दिलीप मोदी, डॉ0 श्रीमती भावना शर्मा, श्रीमती ममता जालानी, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती वन्दना शर्मा, श्रीमती विनिता जांगीड, आशा रायका, अनिता मालसरिया, गुंजन झाझड़िया, नोशाद खान, नेहा शर्मा, जाकीर अब्बासी, माणक मोठ मणी, जुनियर मोहम्मद रफीक, रमजान रिजवी, राकेश बालोदिया, मुकेश, पंकज सिवाणीवाल, अनन्या शर्मा, डॉ0 दीपक सोनी, डॉ0 कल्पित जांगीड, डॉ0 सुनीता लाम्बा, डॉ0 योगिता, डॉ0 नेमीचन्द आदि ने रेडियों पर होने वाले कार्यक्रमों में शख्सियतों ने अपने विचार व्यक्त कियैं

## हमारे सहयोगी संस्थान

| | |
|---|---|
| | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार |
| | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार |
| नाबार्ड NABARD | नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) जयपुर |
| | सी एन आर आई ( ग्रामीण भारत की गैर सरकारी संस्थाओं का परिसंघ ) |
| | महिला अधिकारिता विभाग, अजमेर, झुंझुनू एवं सीकर |
| | बाल अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार |
| | सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, झुंझुनू, चूरू |
| CHILD LINE 1098 | चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली |
| NYKS | नेहरू युवा केंद्र संगठन, चूरू, झुंझुनू |
| | आईसीआईसीआई बैंक |
| RVHA | राजस्थान वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन, जयपुर |
| | बचपन बचाओ आंदोलन |
| | बर्ड, लखनऊ |
| | राष्ट्रीय महिला कोष |
| | राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन |
| | नगर परिषद, चूरू |
| | जिला विधिक प्राधिकरण सेवा |


आपणो रेडियो
FM 91.2
Radio
91.2 FM

# संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमो की अखबार कटिंग

पत्रिका {सिटी बुक}
CITY BOOK

## मूंडरू में महिलाओं के लिए 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शुरू




**मूंडरू.** कस्बे के नृसिंह मंदिर के समीप सैनी सिलाई केंद्र पर नाबार्ड की ओर से संचालित सुक्ष्म लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। उद्‌घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नाबार्ड के जिला प्रबंधक एमएल मीणा थे। अध्यक्षता सरपंच सुमित्रादेवी मिश्रा ने की। कार्यक्रम संयोजक रामावतार पारीक ने बताया कि प्रशिक्षण में तीन स्वयं सहायता समूहों की 30 महिलाएं भाग ले रही हैं, जिन्हें मास्टर ट्रेनर सिलाई व बुनाई का प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को बैंकों से विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण भी दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली महिलाओं को प्रतिदिन मानदेय मिलेगा। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, महावीर छितमका, मांगीलाल सैनी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## विशेष शिविर के बौध्दिक सत्र में जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम रहे पांच स्वयंसेवकों को किया गया पुरस्कृत

आयुष-अतिमा नेटवर्क




झुन्झुनू (राजेन्द्र शर्मा झेरलीवाला)। श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वेद प्रकाश ने बताया कि प्रथम सत्र में स्वयसेवकों को छोटे छोटे दलों में विभाजित कर अलग अलग दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजीव कुमार ने बताया कि गोद ली गई बापू बस्ती में स्वयसेवकों ने श्रमदान करते हुए विकसित भारत 2047 के बारे में आमजन को जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह न्यौला ने बताया कि बौद्धिक सत्र में सर्वप्रथम राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया तत्पश्चात जिला पर्यावरण सुधार समिति के राजेश अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूक किया। प्रोफेसर मंजू चौधरी ने विविध प्रकार के औषधीय पौधों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इनका संरक्षण आवश्यक है। 91.2 एफएम रेडियो जॉकी इमरान खान ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। विजेता रहे पांच स्वयंसेवकों दीपक, उत्तम, प्रियंका, कोमल व रिचा को राजेश अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। प्रोफेसर मंजू चौधरी, डॉ.वेद प्रकाश, डॉ.संजीव कुमार, श्रीमती मीनू, पुरुषोत्तम व डॉ.धर्मवीर ने राजेश अग्रवाल को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

राजस्थान

ताजा खबरों के लिए विजिट करें
www.yashdeepkhabar.in

## मोरारका कॉलेज में साकार हुई राजस्थानी संस्कृति

यशदीप खबर | झुंझुनूं



शनिवार को राजस्थान दिवस पर कई आयोजन किए गए। राजकीय राधेश्याम मोरारका पीजी महाविद्यालय में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से लोक नृत्यों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनूं की ओर से आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में झुंझुनूं जिला मुख्यालय के अलावा चिड़ावा, नवलगढ़, सूरजगढ़, खेतड़ी समेत अन्य जगहों से डेढ़ दर्जन के करीब स्कूलों और कॉलेजों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर घूमर, चिरमी, कालबेलिया, कच्छी घोड़ी और लहरियो आदि की थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिससे राजस्थानी संस्कृति साकार हुई। पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी थे। जबकि एसीबी के एएसपी इस्माइल खान, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार, कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. सुरेंद्र न्यौला, डॉ. मनोज कुलहार समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी ने उपस्थित जनों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम के आईकॉन गायक जाकिर अब्बासी, शक्ति सदन झुंझुनूं की अधीक्षक भंवरी देवी, अभिषेक मुरारका, चंद्रप्रकाश जालान, कॉलेज की प्रोफेसर मंजू चौधरी, संजीव, डॉ. मानसिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आरजे इमरान व आकांक्षा डूडी ने किया।

### प्रतियोगिताओं के ये रहे परिणाम



सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में राकेश पीजी कॉलेज पिलानी की पायल एंड ग्रुप, चावो वीरो बालिका पीजी कॉलेज बगड़ की ममता कुमावत एंड ग्रुप तथा आरकेजेके बरासिया पीजी कॉलेज सूरजगढ़ की कोमल एंड ग्रुप ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह एकल नृत्य प्रतियोगिता में आरकेजेके बरासिया कॉलेज सूरजगढ़ की ऋतिका, श्रीराधेश्याम आर मोरारका कॉलेज झुंझुनूं की हेमलता व आरकेजे बरासिया कॉलेज सूरजगढ़ की नम्रता संयुक्त रूप से तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय झुंझुनूं की अमनदीन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान की परंपरागत लोक प्राचीन संस्कृति को नई पीढ़ी से रूबरू करवाने के लिए लगातार इस तरह के कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से किए जा रहे है।



## महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर पीड़िताओं को राहत

हौसलों की उड़ान/अजमेर। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर पीड़ित महिलाओं को राहत पहुंचाने एवं पुलिस थाना कोर्ट आदि से बचाव के उद्‌देश्य से समझाईश अभियान जारी है। जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनूं द्‌वारा महिला अधिकारिता विभाग अजमेर के सौजन्य से महिला थाना परिसर अलवर गेट अजमेर में संचालन किया जा रहा है। विधि परामर्शदाता नीलू सैन एवं सामाजिक परामर्शदाता मोहिनी द्‌वारा महिला उत्पीड़न के मामलों व्यक्ति महिला एवं संबंधित व्यक्तियों के साथ विचार विमर्श से समस्या का आंकलन और समधान किया जाता है। सुलह करवाकर घर परिवार टूटने से बचाया जाता है। घरेलू हिंसा और दहेज से पीड़ित व्यक्ति महिला और अन्य गंभीर आरोप के मामले उनमें पीड़ित महिलाओं की सहायता करते हुए संबंधित थानों में मुकदमें दर्ज करवाएं जाते हैं। ताकि पीड़ित महिलाओं को न्याय मिल मिल सके। व्यक्ति महिला , महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर सम्पर्क कर सकती है।

## लैंगिक उत्पीडन प्रतिषेध अधिनियम 2013 के बारे में विस्तृत जानकारी दी



साधना सेठी/कंट्री विजन/सीकर

महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना के निर्देशानुसार लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को महिला सलाह सुरक्षा केन्द्र में किया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं व पुरूषों को इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र की विधिक परामर्शदाता अन्जू सैनी द्वारा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन प्रतिषेध अधिनियम 2013 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के साथ कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन हो रहा है तो वह अपनी शिकायत आंतरिक समिति में कर सकती हैं। यदि महिला किसी कारणवश अपनी शिकायत दर्ज करवाने में असमर्थ हैं तों वह अपने मित्र, सहकर्मी, रिश्तेदार द्वारा भी अपनी शिकायत लिखित रूप में कर सकती हैं, इसके साथ ही हिंसा के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी गई। इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र की सामाजिक परामर्शदाता राजेश कुमारी द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 व सखी वन स्टाप सेन्टर के बारे में जानकारी दी। महिला सलाह सुरक्षा केन्द्र की सामाजिक परामर्शदाता भाग्यलक्ष्मी व विधिक परामर्शदाता निर्मला कुमारी ने महिला सलाह सुरक्षा केन्द्र की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

हरिभूमि

रोहतक - हिसार

3 Nov 2023

प्रशिक्षण | झुंझुनू जिले के 25 किसानों का दल तकनीकें सीखने आया एचएयू

# राजस्थान के किसानों को भायी एचएयू की नवीनतम कृषि तकनीकें



नाबार्ड के सहयोग से समिति के नेतृत्व में आया दल

जारी रहेगी प्रशिक्षण शिविर : डॉ. गोदारा

बागवानी विभाग रिसर्च फार्म का दौरा करवाया

〈 श्रीगंगानगर पत्रिका...

# घरेलू हिंसा कानून पर संगोष्ठी आयोजित



श्रीगंगानगर. गौतम आश्रम में आयोजित घरेलू हिंसा कानून पर संगोष्ठी में मंचासीन मुख्य वक्ता।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

श्रीगंगानगर. महिला अधिकारिता और जिला पर्यावरण सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में महिला अधिकारों और घरेलू हिंसा कानून पर संगोष्ठी शुक्रवार को मीरा चौक के पास महर्षि गौतम आश्रम में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में महिला अधिकारिता विभाग के महिला सुरक्षा केन्द्र की परामर्शदाता रीना ... प्रक्रियाओं को बारीकी से बताया। इस परामर्शदाता का कहना था कि कोई भी शादीशुदा महिला अपने ससुराल के घर में रह सकती है, इसका कानूनी अधिकार है। कोई तंग या बाधक बनता है तो संबंधित पुलिस थाना प्रभारी के समक्ष अपना परिवाद दे सकता है। महिला पुलिसकर्मी शारदा ने महिलाओं को कानून में दिए गए प्रावधानों और महिला हेल्प डेस्क की प्रक्रिया को बताया। इस दौरान झुंझुनूं के सोशल ऑडिट टीम के अधिकारी, अंजना राठौड़, प्रेम चौधरी आदि भी मौजूद थे।

## राम नाम संकीर्तन, हवन आज

श्रीगंगानगर. श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर की श्रीबालाजी बगीची में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शनिवार सुबह कार्यक्रम होगा। जिसमें सुबह आठ से साढ़े आठ बजे तक राम नाम संकीर्तन व साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक हवन होगा। इसके लिए विशेष

# युवा अपनी ताकत पहचाने, राष्ट्रीय धरोहर को बचाने का लिया संकल्प

**झुंझुनूं ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विलुप्त हो रही धरोहर के प्रति युवाओं को जागरूक करने लिए ज़िले स्थित प्रसिद्ध मेड़तनी बावड़ी में ज़िला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो के अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक ईस्माइल खान ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर कहा की युवाओ को अपनी ऊर्जा को स्वामी विवेकानन्द की तरह देश और समाज के उत्थान में लगाना चाहिए व कोई भी लोकसेवक अगर रिश्वत मांगता है तो भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो के टोल फ्री नम्बर 1064 पर सुचना दे। सुचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए संस्था के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज हम युवाओं के साथ पर्यटन से जुड़ी मेड़तानी बावडी में उपरोक्त दिवस इसलिए मनाया रहे है कि जल संरक्षण की पुरानी पद्धतियों से आज के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत बन सके। कार्यक्रम में संरत राष्ट्रीय धरोहर पर सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सचीन केड गुरू के छात्र प्रथम व कुमारी रेखा द्वितीय स्थान पर रही।

# महिलाओं को बूंदी बंधेज के आधुनिक गुर सिखाने के लिए प्रशिक्षण शिविर

**P3 Police Public Politics**

सीकर,मुहम्मद सादिक। स्थानीय वार्ड संख्या 37 मोहल्ला दराब खां के मदरसा अंजुमन इस्लाम में नाबार्ड के सौजन्य से जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनूं द्वारा बूंदी बंधेज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया । जानकारी देते बताया कि बूंदी बंधेज प्रशिक्षण शिविर में लगभग साठ महिलाएं पन्द्रह दिवसीय होगा। आज इस प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह में नाबार्ड के डीएम एलएल मीणा, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के आरएम दलराज सिंह धनखड़ और एचडीएफसी बैंक के आरएम प्रकाश हिंडाला ने उद्घाटन समारोह के अवसर पर महिलाओं को प्रशिक्षण के गुर बताएं और सरकार तथा बैंक से मिलने वाली अनुदान, सहायता एवं कर्ज पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अधिकारियों का कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद अब्दुल रज़्ज़ाक़ पंवार ने स्वागत किया । आयोजन समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने आभार जताया। संचालन पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनूं के जिला समन्वयक रामावतार पारीक ने किया। बूंदी बंधेज प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को प्रतिदिन मानदेय और अंत में प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।



दैनिक भास्कर | फतेहपुर भास्कर 10-03-2024

# बालिकाओं को विधिक जानकारी दी




**लक्ष्मणगढ़** | महिला अधिकारिता विभाग, महिला सुरक्षा व सलाह केन्द्र की ओर से राजकीय सावित्री बालिका सीनियर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य सुशीला, जिला पर्यावरण सुधार समिति संस्थापक राजेश अग्रवाल के निर्देशन में विधिक परामर्शदाता मन्जु स्वामी ने छात्राओं को लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध प्रतितोष अधिनियम, घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी। सामाजिक परामर्शदाता तारामणि ने महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी दी।

# गोरबंद में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**झुंझुनूं.** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय कॉलेज में राजस्थान दिवस पर शनिवार को जिला पर्यावरण सुधार समिति एवं आइक्यूएसी की ओर से सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता गोरबंद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुरेंद्रसिंह न्यौल ने की। मुख्य अतिथि एसीबी झुंझुनूं के एएसपी इस्माइल खान थे। विशिष्टअतिथिपर्यटनविभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी समिति निदेशक राजेश अग्रवाल, महिलाअधिकारिताविभागके सहायक निदेशक संजय चौधरी, राजकीय कॉलेजमलसीसरके प्राचार्य प्रो. मनोज कुल्हार थे। प्रतियोगिता में अनिता गौड़, उषा पुरोहित, रीना कपूर एवं जाकिर अब्बासी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रो. मंजू चौधरी ने बताया कि एकल नृत्य में रीतिका प्रथम, हेमलता व नम्रता द्वितीय, अमनदीप तीसरे स्थान पर रहे। समूह नृत्य में पायल एंड ग्रुप प्रथम, कोमल एवं ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। सभी प्रतियोगियों का सम्मान किया गया। संचालन आकांक्षा डूडी ने किया।

# —ःसंस्था के पार्टनरः—
## वर्ष 2023—2024

1. सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. महिला एंव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
3. सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
4. महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
5. सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
6. बाल अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
7. राष्ट्रीय कृषि ओर ग्रामीण विकास बैंक, (नाबार्ड) जयपुर।
8. नगर निगम सीकर।
9. युनिसेफ।
10. वाघदरा स्वंय सेवी संस्था।
11. एलाईन्स ऑफ कम्यूनिटी रेडियो राजस्थान जयपुर।
12. स्थानीय जिला प्रशासन।
13. नेहरू युवा केन्द्र, झुंझुनूं व चुरू।
14. अम्बेडकर फाउंडेशन भारत सरकार नई दिल्ली।
15. बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) लखनऊ।
16. चाईल्ड लाईन इण्डिया फाउन्डेशन मुम्बुई।

**राजेश अग्रवाल**




केट एक्सपोजर विजिट नाबार्ड के सहयोग से सीकर के किसानो के दल को हिसार (हरियाणा) का भ्रमण

# संस्थान का प्रशासनिक कार्यालय


**राजकीय बालिका महल प्राथमिक स्कूल के सामने, वार्ड न. 46 झुन्झुनू (राज.)**

**Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 294134**

**E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com**

**childline1098churu@gmail.com**

**Website:-www.jzpss.org**


## क्षेत्रीय कार्यालय


**चाईल्ड हेल्पलाईन 1098**
**सामुदायिक भवन के पीछे, अग्रसेन नगर, ज्योति नगर**
**चूरू (राज.)**
**फोन न. 01562–250700**
**Email-Id :- childline1098churu@gmail.com**

**पंसारी हवेली, अग्रवाल समाज के सामने,**
**रींगस बाजार, श्रीमाधोपुर जिला सीकर**
**फोन न. 9799282898**


अध्यक्ष
ऐजाज नबी
जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं

सचिव
राजेश अग्रवाल
जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं